आकाशवाणी

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 21.09.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- कल से शुरू होगा जीएसटी बचत उत्सव, देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– सूर्योदय के साथ ही अगली पीढ़ी जीएसटी सुधार लागू हो जाएंगे।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा–जीएसटी की नई दरों से आम जनता और व्यापारिक समुदाय को बड़ी राहत मिलेगी, जागरूकता के लिए अभियान भी चलाया जाएगा।
- खाद्य सुरक्षा विभाग ने हरिद्वार में मिलावटखोरी के खिलाफ कार्रवाई की, दुकानों पर छापेमारी कर पुराने और नकली कुट्टू के आटे को जब्त किया।
- **और,** श्राद्ध पक्ष के अंतिम दिन पितृ विसजर्नी अमावस्या पर पितरों की मोक्ष की कामना के लिए हरिद्वार के घाटों पर श्रद्धालु पहुंचे।

-----------------

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नवरात्रि के पहले दिन से देश आत्मनिर्भर भारत अभियान की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। प्रधानमंत्री ने देश को संबोधित करते हुए कहा कि नवरात्रि के पहले दिन 22 सितंबर यानि सूर्योदय के साथ ही अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार लागू हो जाएंगे। देश में जीएसटी बचत उत्सव शुरू होने जा रहा है। श्री मोदी ने कहा कि यह जीएसटी बचत उत्सव आपकी बचत को बढ़ाएगा और आप अपनी मनचाही चीज़ें ज़्यादा आसानी से खरीद पाएंगे। श्री मोदी ने कहा कि इस बचत उत्सव से देश के गरीब, मध्यम वर्ग, युवा, किसान, महिलाएं, दुकानदार, व्यापारी, सभी को बहुत लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के हर परिवार की खुशियां बढ़ेंगी। श्री मोदी ने कहा कि ये कारोबार को और आसान बनाएंगे और निवेश को और आकर्षक बनाएंगे।

**जीएसटी**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि कल से लागू होने जा रही जीएसटी की नई दरों का लाभ आम जनता और व्यापारिक समुदाय तक जल्द से जल्द पहुंचे, इसके लिए प्रदेश में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे 22 से 29 सितम्बर तक अपने–अपने क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन करें। इस दौरान प्रभारी मंत्री अपने–अपने जिलों और विधायक अपनी विधानसभा क्षेत्रों में अभियान का नेतृत्व करेंगे। मुख्यमंत्री ने वर्चुअली प्रदेश के मंत्रियों, विधायकों और जनप्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि 22 सितंबर से देशभर में जी.एस.टी. की नई दरें प्रभावी होंगी। उन्होंने इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए प्रधानमंत्री मोदी और केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया।

## रेखा आर्या

सोमवार से लागू हो रही जीएसटी की नई दरों को कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति बढ़ाने वाला कदम बताया है। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी के स्लैब में किए गए बदलाव से मध्यम और गरीब वर्ग को सबसे अधिक फायदा मिलेगा। रसोई और घर का खर्च कम होने से महिलाओं के हाथ में ज्यादा पैसा बचेगा।

## खाद्य सुरक्षा विभाग

नवरात्रों से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग ने हरिद्वार में मिलावटखोरी के खिलाफ कार्रवाई की है। लक्सर में खाद्य सुरक्षा विभाग और लक्सर तहसीलदार की संयुक्त टीम ने दुकानों पर छापेमारी कर पुराने और नकली कुट्टू के आटे को जब्त किया। टीम ने कुट्टू का आटा बेचने वाली सभी दुकानों से सैंपल लिए हैं। एक आटा चक्की से 50 किलो पुराना कुट्टू का आटा बरामद हुआ है। जिसको जमीन में दबाकर नष्ट कर दिया गया है।फूड इंस्पेक्टर दिलीप जैन का कहना है कि सैंपल जांच के लिए लैब भेजे जाएंगे। उसके बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## श्राद्ध पक्ष

श्राद्ध पक्ष के अंतिम दिन पितृ विसजर्नी अमावस्या पर पितरों की मोक्ष की कामना लिए लाखों की संख्या में हरिद्वार के घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लाखों श्रद्धालु पितरों को अंतिम विदाई देने पौराणिक तीर्थ नारायणी शिला सहित कुशा घाट, सतीघाट, गणेश घाट, बिरला घाट, हरकी पौड़ी सहित सभी अन्य घाटों पर पहुंचे। जहां विधिवत पिंडदान, तिलांजलि तथा जलाजलि व अन्य श्राद्ध कर्म करते हुए पितरों को अंतिम विदाई दी। असम के मुख्यमंत्री हेमंत सरमा ने भी नारायणी शिला मंदिर पहुंचकर पितृों के निमित्त श्राद्ध, तर्पण आदि कर्म किए।

उधर बदरीनाथ धाम में आज पितृपक्ष के अंतिम दिन पिंडदान और तर्पण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। उन्होंने अपने पितरों के मोक्ष और परिवार की खुशहाली की कामना की।

## गढ़वाल राइफल रेजीमेंट सेंटर

गढ़वाल राइफल रेजीमेंट सेंटर के अधिकारी और सैनिक अपनी नई सोच और कार्य प्रणाली को अपनाते हुए पर्यावरण संरक्षण पर लगातार काम कर रहे हैं। इसके लिए वृहद वृक्षारोपण के साथ ही क्षेत्र में छोटे–छोटे गड्ढ़ों का निर्माण किया गया है। गढ़वाल रायफल्स रेजीमेंट सेंटर लैंसडाउन के कमांडेंट ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी ने बताया कि गढ़वाल रेजीमेंट सेंटर और वन विभाग द्वारा हरेला वाटिका स्थापित की गयी है। इसमें जिसमें भिन्न प्रकार के फलदार वृक्ष लगाए गए हैं। साथ ही 250 पेड़ों को लगाकर बुरांश वाटिका बनाई गई है।

**अल्मोड़ा**

डाक विभाग अल्मोड़ा द्वारा पोस्ट ऑफिस चौबटिया में आधार कार्ड अपडेट और संशोधन को लेकर दो दिवसीय आधार कार्ड कैंप लगाया गया। आधार कार्ड बनाने व संशोधन करने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ लगी रही। ग्रामीण क्षेत्रों से भारी संख्या में बुजुर्ग और महिलाएं आधार कार्ड कैंप में पहुंचे। सामान्य रूप से चौबटिया के दूरस्थ गांवों जैसे– गाड़ी, चौना, पाखुड़ा, सिमोली, देहोली, कालनू, सिवाली आदि के ग्रामीणों को आधार कार्ड बनाने के लिए रानीखेत जाना होता है। ऐसे में कालनू क्षेत्र पंचायत के ग्रामीणों ने क्षेत्र पंचायत की बैठक में आधार कार्ड को लेकर कैंप की मांग की थी, इसके बाद चौबटिया पोस्ट ऑफिस में यह कैंप लगाया गया। कैंप में दो दिन में लगभग 200 से ज्यादा रजिस्ट्रेशन किए गए। ग्रामीणों का कहना है कि चौबटिया में कैंप लगाने से दूरस्थ क्षेत्रों के ग्रामीणों को काफी सुविधा हुई है।

.........................